UPAU120004992023

**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0, बिधूना, औरैया।**

**सिविल वाद संख्या–107/2023**

माधुरी देवी बनाम भागवती देवी आदि।

**दिनांकः–10.07.2026**

पत्रावली पेश हुई। पुकार करायी गयी। पुकार पर कोई भी पक्षकार उपस्थित नहीं है और न ही कोई स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। पत्रावली लंच बाद पेश हो।

**(कुशाग्र मिश्र)**
**सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0,**
**बिधूना, औरैया।**
**JO Code : UP4693**

**लंच बाद–**

पत्रावली लंच बाद पेश हुई। पुकार करायी गयी। बार–बार पुकार पर कोई भी पक्षकार उपस्थित नहीं है। पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि उपरोक्त वाद वास्ते पक्ष संचालन हेतु नियत है। प्रस्तुत वाद न्यायालय के समक्ष सन 2023 से लम्बित है। वादिनी द्वारा प्रस्तुत वाद स्थायी निषेधाज्ञा के अनुतोष हेतु प्रतिवादीगण के विरुद्ध योजित किया गया है। वादिनी पिछली कई नियत तिथियों से लगातार अनुपस्थित है। वादिनी को पक्ष संचालन/उपस्थिति हेतु न्यायहित में दिनांक 06.12.2025 को अन्तिम अवसर प्रदान किया जा चुका है। वाद उपरोक्त में वादिनी आज लंच बाद भी अनुपस्थित है तथा उसकी ओर से कोई स्थगन भी नहीं दिया गया है। ऐसा दर्शित होता है कि उभयपक्ष को वाद चलाने में रूचि नहीं है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त पत्रावली उभयपक्ष की अनुपस्थिति में खारिज किये जाने योग्य है।

## आदेश

अतः उपरोक्त पत्रावली उभयपक्ष की अनुपस्थिति में आदेश 9 नियम 3 सी0पी0सी0 में खारिज की जाती है। सिविल वाद संख्या–107/2023 नियमानुसार दाखिल अभिलेखागार की जाये।

**(कुशाग्र मिश्र)**
**सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0,**
**बिधूना, औरैया।**
**JO Code : UP4693**

Digitally signed by KUSHAGRA MISHRA
Date: 2026.07.10 16:22:50 IST
Reason: Order
Location: Civ JD/JM Outlying Court,
Bidhuna